# 15 करोड़ रुपये का 7003 किलो अफीम डोडा-चूरा पकड़ा, तीन तस्कर भी गिरफ्तार

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर दौसा जिले में बड़ी कार्रवाई

- 1300 किलोमीटर दूर झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रांची से अफीम डोडा चूरा लाकर जोधपुर में सप्लाई करने वाले थे आरोपी
- चावल की बिल-बिल्टी की आड़ में ट्रक कंटेनर से लाया जा रहा था मादक पदार्थ, कंटेनर को एस्कॉर्ट कर रही थी एक इनोवा गाड़ी
- गिरफ्तार तीनों बदमाश मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं, पुलिस से बचने के लिए वाहनों पर चिपका रखा था ''ऑन आर्मी ड्यूटी'' का स्टीकर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर दौसा जिले की थाना मानपुर व जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने नेशनल हाईवे पर सीकरी मोड़ के पास नाकाबंदी में एक ट्रक कंटेनर से भारी मात्रा में करीब 7003 किलो मादक पदार्थ अफीम डोडा-चूरा जब्त किया है। साथ ही ट्रक कंटेनर के चालक व खलासी सहित एस्कॉर्ट कर रही लग्जरी गाड़ी इनोवा के चालक को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम.एन. ने बताया कि एजीटीएफ की सूचना पर मानपुर व डीएसटी ने नेशनल हाईवे पर सीकरी मोड के पास नाकाबंदी में एक ट्रक कंटेनर से भारी मात्रा में करीब 7003 किलो मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा जब्त कर कन्टेनर चालक सोनू निशाद व खलासी मनोज सिह निवासी गोविन्दपुरा जिला भोपाल मध्यप्रदेश एव इनोवा चालक हेमराज उर्फ बबलू निवासी नीलगंगा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। जो 1 हजार 300 किलोमीटर दूर झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रांची से चावल परिवहन के बिल एवं बिल्टी की आड में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा पोस्त तस्करी कर जोधपुर सप्लाई करने आ रहे थे।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दौसा में सीकरी मोड के पास 7003 किलो अफीम डोडा-चूरा जब्त किया।

### लंबे समय से मिल रही थी तस्करी की सूचना

एडीजी एमएन ने बताया कि एजीटीएफ को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से कुछ तस्कर राजस्थान के पश्चिमी जिलों में मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे हैं। इसी क्रम में एजीटीएफ की टीम को मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में इनपुट प्राप्त हुए।

### ग्राउंड लेवल पर पुलिस ने जानकारी जुटाई

सूचना के आधार पर डीआईजी योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा, महेश सोमरा, महावीर सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र, देवेंद्र सिंह कांस्टेबल चालक देवेंद्र शर्मा को पश्चिमी राजस्थान रवाना किया गया था। टीम में ग्राउंड लेवल पर सूचना को डेवलप किया। मुखबिरों और मादक पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्तियों से गुप्त रूप से सूचना एकत्रित करने पर इस तस्करी के बारे में पुख्ता जानकारी मिली।

### पुष्टि के बाद दौसा पुलिस को सूचना दी

एमएन ने बताया कि सूचना की पुष्टि के बाद एजीटीएफ ने दौसा जिले की डीएसटी व थाना मानपुर टीम को सूचना दी कि महवा की तरफ आ रहे कर्नाटक नंबर के एक 10 चक्का ट्रक कन्टेनर में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त डन्टल भरा है, जो जयपुर होते हुए जोधपुर जाएगा। कंटेनर की एस्कॉर्ट मध्य प्रदेश नंबर की एक इनोवा गाड़ी द्वारा की जा रही है। इस सूचना पर दौसा डीएसटी एवं थाना मानपुर पुलिस द्वारा जयपुर आगरा नेशनल हाईवे पर सीकरी मोड़ पर नाकाबन्दी शुरू की। इसी दौरान महवा की तरफ से एक कन्टेनर और उसके आगे एक इनोवा आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने के लिये हाथ का इशारा किया तो इनोवा गाडी का चालक और कन्टेनर के कैबीन से दो व्यक्ति गाडी से निकल भागने लगे, जिन्हें घेर कर टीम ने पकड़ लिया।

पुलिस ने भागने का कारण पूछा तो तीनों घबरा गये और कोई जवाब नहीं दिया। वहीं तलाशी में कंटेनर में कुल 386 प्लास्टिक के कट्टे मिले। जिनमें 7002 किलो 710 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त डंठल मिला। पुलिस ने जब मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के बारे में पूछा तो इनोवा चालक हेमराज उर्फ बबलू से पूछताछ में सामने आया कि तीन फरवरी की रात को रांची झारखण्ड में उन्हें यह अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त से भरा कन्टेनर जालाराम उर्फ जालजी ने रांची से जोधपुर में बालेसर पहुँचाने के लिये कह कर रवाना किया था।

गाडी के रजिस्ट्रेशन व बीमा पॉलिसी की फोटोप्रति वाट्सएप पर तथा खर्चे के लिए पैसे दिए। केबिन की तलाशी में माँ दिवरी राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के बिल व एमएस झारखण्ड लुधियाना ट्रान्सपोर्ट के बिल्टी की मूल प्रतियां मिली।

### पुलिस से बचने के लिए निकाला रास्ता

पुलिस से बचने के लिए तस्करों ने अपने वाहनों पर ऑन आर्मी ड्यूटी का स्टीकर लगा रखा था। जिससे उन्हें कोई ना रोके। इसके अतिरिक्त ट्रक कंटेनर में रखें डोडा पोस्त के कट्टों के नीचे कंक्रीट-रोड़ी की बड़ी परत थी ताकि कांटे पर वजन सही आए।

इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा एवं महावीर सिंह की विशेष भूमिका तथा हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार एवं देवेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा। टीम के सदस्य उप निरीक्षक प्रताप सिंह, एएसआई बनवारी लाल, कांस्टेबल गंगाराम, गोपाल धाबाई, विजय सिंह व कांस्टेबल ड्राइवर दिनेश शर्मा का भी सराहनीय सहयोग रहा। तस्करों की धरपकड़ की कार्रवाई मानपुर एसएचओ सतीश कुमार मय टीम एवं डीएसटी प्रभारी हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार मय टीम द्वारा की गई।

# बंपर आवक से औंधे मुंह गिरे सब्जियों के दाम : योगेश तंवर



मुहाना मंडी में जब टमाटर सही कीमत पर नहीं बिके तो किसानों ने उन्हें ट्रेक्टर में डालकर गौशाला भेजा।

**जयपुर** (कासं)। मौसम में बदलाव के साथ अब मौसमी और हरी सब्जियों की बंपर पैदावार से भाव औंधे मुंह गिर रहे है। हालात ऐसे हो गए हैं कि किसान और व्यापारी सब्जियों को निःशुल्क गौशालाओं में भिजवा रहे है।

जयपुर शहर की सबसे बड़ी सब्जी मंडी मुहाना में जयपुर के आसपास की जगहों से बंपर पैदावार होने के चलते किसानों को फसलों के पूरे दाम नहीं मिल रहे हैं। भाव इतने नीचे आ पहुंचे हैं कि किसानों का गाड़ी भाड़ा तक तक नहीं निकल पा रहा है। सब्जियां हिंगोनिया, पिंजरापोल, बगरू सहित अनय गौशालाओं में भेजी जा रही है। व्यापारी अपने खर्चे पर भी सब्जियां गौशालाओं में भेज रहे हैं।

- 'भाव नहीं मिलने के कारण किसान और व्यापारी सब्जियों को निःशुल्क गौशाला भिजवा रहे है। हालत ऐसे हैं कि गाड़ी भाड़ा भी नहीं निकल रहा'

जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना मंडी के अध्यक्ष योगेश तंवर ने बताया कि बगरू, बस्सी, बेगस, चौमूं व टोंक में अच्छी फसल होने के कारण टमाटर, गोभी, मिर्च, खीरा, धनिया, मैथी, बथुआ, पालक की बंपर पैदावार हुई है। हरी सब्जियों के दाम भी पहले से 60 फीसदी से अधिक कम हुए हैं। मलमास के बाद सावे शुरू होने के इंतजार में किसान थे, लेकिन अब सावे खुलने के बाद भी सब्जियों के भाव बेहद कम हैं।

तंवर ने बताया कि लोकल आवक ज्यादा होने से मांग कम हैं। सब्जियां हिंगोनिया, पिंजरापोल, बगरू सहित अन्य गोशालाओं में भेजकर पुण्य कमाया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी मंदी छाई रहेगी। योगेश तंवर का कहना है कि, फरवरी के आखरी सप्ताह बाद से थोक कीमतों में बढ़ोतरी होगी। इन हालतों में किसानों ने अपने खेतों में पैदा हुई सब्जियों को वहीं छोड़ देने का मन बना लिया है।

तंवर का कहना है कि लगभग दो महीने से सब्जियों के भाव में नरमी बनी हुई है। हालत यह है कि मुहाना मंडी में शुक्रवार को टमाटर दो रुपये प्रति किलो में बिका है। वहीं फूल गोभी भी 2 से 4 रु. तक, पत्ता गोभी 2 से 5 रु तथा खीरा 6 रुपए के भाव में बिका है। ऐसे ही कम भाव रहे तो किसान आखिर क्यों ही अपनी सब्जियां लेकर मंडी में आएगा।

| सब्जी | थोक भाव ( किलो ) |
| --- | --- |
| टमाटर | 2 से 8 रुपए |
| फूल गोभी | 2 से 6 रुपए |
| पत्ता गोभी | 3 से 5 रुपए |
| गाजर | 4 से 8 रुपए |
| पालक | 5 से 8 रुपए |
| देशी खीरा | 6 से 8 रुपए |
| धनिया | 8 से 12 रुपए |
| लौकी व कद्दू | 5 से 10 रुपए |
| बैंगन | 5 से 12 रुपए |
| मैथी | 10 से 10 रुपए |
| मटर | 15 से 20 रुपए |
| अदरक | 25 से 30 रुपए |
| नींबू | 45 से 50 रुपए |

## ए.एच.पी.आई. को सर्वश्रेष्ठ चैप्टर का पुरस्कार मिला

**जयपुर** । एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) राजस्थान चैप्टर को एएचपीआई राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में सर्वश्रेष्ठ चैप्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 31 जनवरी से 1 फरवरी 2025 को कोच्चि में आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता, नवाचार और नीति निर्माण में एएचपीआई राजस्थान के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है।

एएचपीआई के अध्यक्ष डॉ. अशोक खंडाका और महासचिव डॉ. सर्वेश अग्रवाल के नेतृत्व में, एएचपीआई राजस्थान ने राज्य के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। चैप्टर ने राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण देखभाल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पंजाब नेशनल बैंक का गृह ऋण एक्सपो शुरू

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय जयपुर-अजमेर की ओर से 7 व 8 फरवरी को गृह ऋण एक्सपो का आयोजन किया जायेगा। इस दो दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस एक्सपो में बैंक की विशेष योजनाओं और ब्याज दरों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हमारी सरकार की ओर आवास ऋण, सौर ऊर्जा अनुदान, एवं विशेष वित्तीय सहायता की जा रही है। हमारी सरकार स्वच्छ ऊर्जा के प्रोत्साहन, किफायती आवास व्यवस्था, एवं सर्वजन हित में वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख राजेश भौमिक ने बताया कि यह एक्सपो राजस्थान में के सभी मंडल कार्यालयों द्वारा लगाया जा रहा हैं। इस ऋण मेले में गृह ऋण के अलावा सोलर ऋण पर भी विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि 7 व 8 फरवरी को आयोजित होने वाले ऋण मेले में गृह ऋण एवं सोलर ऋण के साथ-साथ अन्य रिटेल ऋण जैसे गोल्ड ऋण व कार ऋण के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। मंडल प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अवसर पर अनेक बिल्डरों के साथ-साथ सोलर पैनल के डीलर भी इस मौके पर शामिल हों रहे हैं। इस ऋण मेले का लोगों को भरपूर फायदा मिलेगा। साथ ही रियायती दरों पर सोलर पैनल के अलावा भूखंड एवं मकान की खरीद कर सकेंगे। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इसी क्रम में बैंक द्वारा 13 फरवरी को भी पीएनबी एमएसएमई ऋण मेला किशनगढ़ व जयपुर में लगाया जाएगा।



पंजाब नेशनल बैंक के दो दिवसीय गृह ऋण एक्सपो का उद्घाटन शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया।

## मनरेगा के तहत 85 लाख जॉब कार्ड सक्रिय : देवासी

**जयपुर** (विसं)। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वर्तमान में प्रदेश में लगभग 85 लाख सक्रिय जॉब कार्ड हैं। देवासी प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत वर्तमान में राज्य में 84.89 लाख एक्टिव जॉब कार्ड हैं। उन्होंने कहा कि डग और भवानी मंडी पंचायत समिति में मनरेगा योजना के तहत विकास कार्य किए गए हैं, जो ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डग पंचायत समिति में 49 हजार 576 तथा पंचायत समिति भवानी मण्डी में 24 हजार 541 एक्टिव जॉब कार्ड हैं। इससे पहले उन्होंने विधायक कालूराम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि विधानसभा क्षेत्र डग में गत एक जनवरी से 31 दिसम्बर तक मनरेगा योजना के तहत सार्वजनिक श्रेणी के 524 एवं व्यक्तिगत श्रेणी के 490 कार्य स्वीकृत किये गये हैं।

## सार-समाचार

### संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन



**जयपुर** । राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं राजकीय महाराज वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 21 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. गजानंद शर्मा ने संस्कृत अकादमी का धन्यवाद देते हुए कहा कि निरंतर संस्कृत बोलने का अभ्यास करने से हम संस्कृत संभाषण सीख सकते है। बाबूलाल शर्मा ने कहा कि हमें पूर्ण मनोयोग से संस्कृत पढ़ना चाहिए। इस अवसर पर सुनीता व अशोक उपस्थित रहे। शिविर संयोजक डॉ. संजय गोस्वामी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### जयपुर में जुटे 600 त्वचा रोग विशेषज्ञ

**जयपुर** । देश-दुनिया के करीब 600 से ज्यादा त्वचा रोग विशेषज्ञ इन दिनों जयपुर में जुटे हुए है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले सम्मेलन ''डर्माकॉन-2025'' में यह विशेषज्ञ त्वचा रोग और उनके उपचार की आधुनिक तकनीकों पर चर्चा करेंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरियोलॉजिस्ट्स और लेप्रोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) की ओर से यह 53वां राष्ट्रीय सम्मेलन ''डर्माकॉन2025'' आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ यू.एस.अग्रवाल ने बताया कि भारत के प्रसिद्ध त्वचा विशेषज्ञों द्वारा इस सम्मेलन में अपने विचार साझा किए जा रहे है। वर्कशॉप्स में डर्माटो-सर्जिकल तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें बोटोक्स, फिलर्स, लेजर, हिफू और पीआरपी द्वारा त्वचा कायाकल्प (रिजुवेनेशन) की प्रक्रिया को वीडियो डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है । आयोजन सचिव डॉ. दीपक माथुर ने बताया कि डर्माकॉन 2025 का यह 53वां वार्षिक सम्मेलन गुलाबी नगरी जयपुर में हो रहा है जिसमें देश विदेश के जाने माने 600 से अधिक भारतीय विशेषज्ञ और 21 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर रहे है। इसमें त्वचा रोग विशेषज्ञ सावधानी और उपचार शामिल है। वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष डॉ. असित मित्तल ने बताया कि निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम में चिकित्सा उपचारों में हुई नवीनतम प्रगति पर इस कॉफ्रेंस में चर्चा की जायेगी। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसमें त्वचा संबंधी विकारों के प्रबंधन में इसकी भविष्य की भूमिका पर प्रकाश डाला जा रहा है।

### चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । बिंदायका थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई चाकूबाजी की वारदात का पुलिस ने महज 12 घंटे में सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में काम ली एक्टिवा स्कूटी भी बरामद कर ली है। पुलिस उपायुक्त अमित बुडानिया ने बताया कि 5 फरवरी 2025 की रात करीब 8:15 बजे महेंद्र मीणा अपने भतीजे रोहित मीणा के साथ शादी से लौट रहा था। वे जैसे ही प्रमात मार्केट भांकरोटा रोड के पास पहुंचे, सामने से एक युवक रॉन्ग साइड से स्कूटी पर आता दिखाई दिया। महेंद्र और रोहित ने उसे टोका गुस्साए आरोपी ने रोहित पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले तो उसने गर्दन पर वार करने की कोशिश की, लेकिन रोहित ने घुमा कर बचाव किया। इसके बावजूद हमलावर ने ताबड़तोड़ चाकू से उसके कंधे पर वार कर दिए, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इस दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और चश्मदीदों से पूछताछ की तथा आरोपी की पहचान कर 12 घंटे के भीतर उसे धरदबोचा।

### देव दर्शन कर मनाया जन्मदिन

**जयपुर** । ''टीम 39 जहां चाह वहां राह'' जन कल्याण ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी मनीष केडिया ने अपना जन्मदिन देव दर्शन करके औश्र महाकुंभ में डुबकी लगाकर व अयोध्या में रामलला के दर्शन कर मनाया। मनीष केडिया ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मथुरा, वृन्दावन, काशी विश्वनाथ, त्रिवेणी संगम और अयोध्या में रामलला के दर्शन कर सभी के लिए मंगल कामना की।

# 'किसानों व लघु उद्यमियों को सहकारी भूमि विकास बैंकों से मिलेगा दीर्घकालीन ऋण'

- 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को 130 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य आवंटित

**जयपुर** (विसं)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य के सभी जिलों के किसानों और लघु उद्यिमयों को अब सहकारी भूमि विकास बैंकों के माध्यम से दीर्घकालीन कृषि एवं अकृषि ऋण उपलब्ध हो पाएंगे। राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा प्रदेश के 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को 130 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन ऋण वितरण के लक्ष्य आवंटित किये गए हैं।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि कृषकों और लघु उद्यिमयों को यह ऋण राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप क्रमशः 7 प्रतिशत एवं 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के तहत उपलब्ध करवाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि नाबार्ड से पुनर्वित्त के अभाव में काफी समय से अधिकांश भूमि विकास बैंकों द्वारा उक्त योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण नहीं हो पा रहा था। विगत दिनों नाबार्ड द्वारा पुनर्वित्त जारी करने एवं एनसीडीसी द्वारा ब्याज दरों में कमी किये जाने के परिणामस्वरूप अब ऋण वितरण संभव हो सकेगा। दक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान उपलब्ध करवाये जाने के फलस्वरूप भूमि विकास बैंकों द्वारा वितरित दीर्घकालीन कृषि ऋण मात्र 5.05 प्रतिशत एवं दीर्घकालीन अकृषि उत्पादक ऋण मात्र 7.05 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ऐसे लगभग 15 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों, जहां पिछले 5-6 वर्षों से दीर्घकालीन ऋण वितरण नहीं किया जा रहा था, को भी ऋण वितरण के लक्ष्य आवंटित किये गये हैं। इनमें अजमेर, केकडी, टोंक, हिण्डौन, सवाई माधोपुर, जालौर, पाली, सिरोही, बारां, बूंदी, झालावाड़, कोटा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक शामिल हैं। प्रदेश की दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना के पुनरूद्धार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## दुकानों पर सफाई का औचक निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम के सिविल लाइंस उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने शुक्रवार को वार्ड 39 स्थित खातीपुरा रोड पर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जगह-जगह गंदगी देखकर उन्होंने दुकानदारों को लताड़ लगाई और 21 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी वसूला। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सिविल लाइन जोन ने मीट की दुकानों के लाइसेंस भी चेक किए। उपायुक्त सुनील कुमार ने सभी दुकानदारों को साफ हिदायत दी कि अगर भविष्य में दुकानों के सामने गंदगी मिली, तो प्रतिष्ठान सील कर दिए जाएंगे। उपायुक्त सुनील बैरवा ने बताया कि गंदगी मिलने पर मीट शॉप से 4 हजार, बक्से वाली शॉप से 5 हजार, वाइन शॉप व होटल से 5-5 हजार, अंडे की शॉप से 1 हजार व किराना स्टोर से 1500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की जेल

**जयपुर** । पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त विवेक मिरोठा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी हेमराज गौड ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म किया है। यदि इसमें पीडिता की सहमति हो तो भी यह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि पीडिता के पिता ने 13 जनवरी, 2024 को शिवदासपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि बीती रात उसकी 16 साल की बेटी घर से गायब हो गई है। उसे शक है कि अभियुक्त उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 7 मार्च को पीडिता को बरामद कर 13 मार्च को अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त उसे प्रहलादपुरा ले गया था। जहां दोनों किराए का कमरा लेकर पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि वह प्रेमपूर्वक साथ रह रहे थे और उसने पीडिता से दुष्कर्म नहीं किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

# गर्मियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए लोड का होगा बेहतर प्रबंधन



चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने शुक्रवार को विद्युत भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की।

**जयपुर** । जयपुर विद्युत वितरण निगम ने गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं बेहतर लोड मैनेजमेंट की अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए फील्ड में पदस्थापित अधिशासी अभियंता (ओ एंड एम) फरवरी माह में सभी संबंधित 33 केवी सब स्टेशनों का दौरा करेंगे। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने शुक्रवार को विद्युत भवन के कांफ्रेंस हॉल में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे गर्मियों में बिजली की घरेलू मांग में होने वाली बढ़ोतरी के अनुरूप आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

डोगरा ने कहा कि अभियंता जीएसएस तथा इनसे संबद्ध फीडरों में रोस्टर स्विच, वीसी ब्रेकर, आइसोलेटर, ट्रांसफॉर्मर, ऑयल जैसे आवश्यक तकनीकी मैटेरियल की उपलब्धता की सघन जांच करें। इनकी संभावित आवश्यकता का आंकलन कर शीघ्र मुख्यालय को भिजवाएं। उन्होंने मुख्य अभियंता (एम.एम.) को निर्देश दिए कि वे सर्किलों में सभी तकनीकी लाइन मैटेरियल की मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें। चेयरमैन डिस्कॉम्स ने निर्देश दिए कि प्रथम चरण के निरीक्षण के बाद मार्च माह में द्वितीय चरण में अन्य जोन से टीमें गठित कर एक बार पुनः जीएसएस का गहन निरीक्षण किया जाएगा। इन सबके पीछे मंशा यह है कि गर्मियों में लोड का बेहतर प्रबंधन हो और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली मिले। डोगरा ने इस दौरान अधिशासी अभियंताओं से उनके क्षेत्र के औद्योगिक फीडरों में शत-प्रतिशत बिलिंग, डिवीजन वार राजस्व रिकवरी के लक्ष्यों की प्राप्ति, कनेक्शन एवं विद्युत भार बढ़ाने के आवेदनों के शीघ्र निराकरण आदि की भी समीक्षा की। इस अवसर पर तकनीकी निदेशक एस.एस.नेहरा, मुख्य लेखा नियंत्रक एके जोशी एवं वाईएस राठौड़ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जीएसएस की मेंटिनेंस, फीडरों पर सप्लाई के अनुरूप लोड की स्थिति, पावर ट्रांसफॉर्मर, लघु ट्रांसफार्मर, ब्रेकर, आइसोलेटर सहित अन्य तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता, जीएसएस के प्लेटफॉर्म, ग्रेवलिंग की समस्या दूर करने आदि।